पंजाब केसरी 18/10/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में मनाया गया चौथा विश्व सांख्यिकी दिवस

अम्बाल, 17 अक्तूबर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट में चौथा विश्व सांख्यिकी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गणित विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास, नीति निर्माण और अनुसंधान में सांख्यिकी की अहम भूमिका के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यशाला में गणित विभाग के सहायक प्रो. डा. राजेश ने संसाधन व्यक्ति के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। लगभग 40 विद्यार्थियों की सहभागिता वाली इस कार्यशाला में डेटा-संचालित निर्णय प्रक्रिया, अनुसंधान, नवाचार और सामाजिक प्रगति में सांख्यिकी के योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि सांख्यिकी केवल संख्याओं का अध्ययन नहीं, बल्कि समाज के विकास का दर्पण है। यह हमें तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर सोचने और निर्णय लेने की दिशा में प्रेरित करती है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को डेटा-सक्षम नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

विद्यार्थियों ने इस दौरान डेटा संग्रह, विश्लेषण और प्रस्तुति के विभिन्न व्यावहारिक तरीकों को सीखा। उन्होंने हरियाणा की जनसंख्या प्रवृत्तियों, भारत और अन्य देशों की जनसंख्या बनाम क्षेत्रफल जैसे विषयों पर तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम की संयोजक नीलम कैशवर ने कहा सांख्यिकी की समझ हमें तथ्यों पर आधारित सोच विकसित करने में मदद करती है। यह हमें डेटा को सही ढंग से इकट्ठा करने, विश्लेषण करने और परिणामों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता प्रदान करती है। इस अवसर पर डा. प्रबलीन, प्रियांया, डॉ. गीता कौशिक, निकासंशी और पलविंदर कौर भी उपस्थित रहीं।